परियोजना का नाम :— जनपद टिहरी गढवाल के जौनपुर ब्लॉक के अन्तर्गत मसराना — किमोई मोटर मार्ग (लम्बाई 8 कि0मी0)

## उप जिला अधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण—पत्र

जनपद टिहरी गढवाल के जौनपुर ब्लॉक के **मसराना — किमोई मोटर मार्ग** के निर्माण हेतु **5.3025 है0** सिविल सोयम वनभूमि के गैर वानिकी कार्यो हेतु लो0नि0वि0 थत्यूड प्रयोक्ता एजेंसी को प्रत्यावर्तित किये जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के पत्र संख्या 11—9/98—एस0सी0 दिनांक 05.02.2013 के द्वारा सडक निर्माण, नहर निर्माण, पारेषण लाईन, ओ0एफ0सी0 केबिल पाईप लाईन बिछाने आदि परियोजनों को भारत सरकार द्वारा वन अधिकार अधिनियम 2006 के प्राविधानों से मुक्त कर दिया गया है। भारत सरकार के उक्त आदेश के क्रम में प्रमाणित किया जाता है कि आवेदित भूमि परियोजना विशेष के निर्माण हेतु आवेदित वन व कृषि भूमि पर आदिकालीन जनजाति समूह (Primitive Tribal Groups) व पूर्व कृषि समुदाय (Primitive Agricultural Tribal Groups) प्रभावित नहीं हो रहे हैं।

| सहायक अभियन्ता | अधिशासी अभियन्ता | तहसीलदार | उपजिलाधिकारी |
|---|---|---|---|
| अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0 | अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0 | धनोल्टी | धनोल्टी |
| थत्यूड (टि0ग0) | थत्यूड (टि0ग0) | टिहरी गढवाल | टिहरी गढवाल |

<u>प्रपत्र – 23·2</u>

परियोजना का नाम :– जनपद टिहरी गढवाल के जौनपुर ब्लॉक के अन्तर्गत मसराना – किमोई मोटर मार्ग (लम्बाई 8.00 कि0मी0)

<u>कार्यालय उप जिलाधिकारी धनोल्टी</u>
<u>अनुसूचित जनजाति और परम्परागत वनवासी अधिनियम 2006 के तहत प्रमाण –पत्र</u>

<u>उपखण्ड स्तरीय समिति धनोल्टी</u>

तहसील धनोल्टी परिक्षेत्र के अन्तर्गत **मसराना – किमोई मोटर मार्ग** का निर्माण (**3.780 है0** आरक्षित वनभूमि **1.1025 है0**, सिविल सोयम भूमि **0.420 है0** वन्य जीव विहार कुल भूमि **4.3025 है0**) का लोक निर्माण विभाग प्रयोक्ता ऐजेन्सी के पक्ष में हस्तान्तरित किये जाने हेतु अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वनवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 के अन्तर्गत उपखण्ड स्तरीय समिति (तहसील धनोल्टी) के दिनांक 03-08-16 को सम्पन्न बैठक की कार्यवाही का विवरण :–

अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 एवं नियम 2008 के अन्तर्गत उपखण्ड स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक श्री ~~लक्ष्मीराज चौहान~~ वी0के0 तिवारी, उपजिलाधिकारी एवं अध्यक्ष उपखण्ड स्तरीय वन अधिकार समिति की अध्यक्षा में आयोजित की गई । बैठक में माननीय सदस्यों की उपस्थिति निम्नानुसार है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री ~~लक्ष्मीराज चौहान~~ वी0के0 तिवारी, उपजिलाधिकारी | अध्यक्ष | (हस्ताक्षर) |
| 2. | श्री नीरज कुमार शर्मा, उप प्रभागीय वनाधिकारी | सदस्य | (हस्ताक्षर) |
| 3. | श्री शूर सिह नेगी, सहायक समाज कल्याण अधिकारी | सदस्य/सचिव | (हस्ताक्षर) |
| 4. | श्री ~~कुंवर सिह पवार~~ जयपालसिंह, बी0डी0सी0 क्षेत्र पंचायत | सदस्य | (हस्ताक्षर) |

उपखण्ड सचिव द्वारा माननीय सदस्यों का बैठक में स्वागत करते हुए उपजिलाधिकारी की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। माननीय सदस्यों को अवगत कराया गया कि जनपद टिहरी गढवाल के अन्तर्गत **मसराना – किमोई मोटर मार्ग** का निर्माण परियोजना हेतु **5.3025 है0** वनभूमि लो0नि0वि0 थत्यूड प्रयोक्ता ऐजेन्सी के पक्ष में हस्तान्तरित किये जाने हेतु प्रस्ताव माननीय सदस्यों के समक्ष रखा गया ग्रामसभा के अन्तर्गत वनाधिकार का कोई मामला लम्बित नहीं है । उक्त भूमि का सम्बन्धित ग्राम सभा द्वारा सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव के आधार पर सार्वजनिक उपयोग हेतु प्रत्यावर्तन की अनुशंसा की गई है।

सम्बन्धित उप प्रभागीय वनाधिकारी मसूरी द्वारा अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 एवं तत्सम्बन्धि नियम 2008 के प्राविधान को स्पष्ट करते हुए

कमशः.........2...........

जानकारी से माननीय सदस्यों को अवगत कराया कि वन अधिनियम 2006 के अन्तर्गत किसी भी दावेदार का दावा/आवेदन पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है। इस सम्बन्ध में ग्रामसभा/पंचायत द्वारा अनापत्ति जारी की जा चुकी है। अतः प्रकरण में उपखण्ड स्तरीय वन अधिकार समिति द्वारा भी अनापत्ति जारी की जा सकती है। बैठक में सर्वसम्मति से तहसील धनोल्टी परिक्षेत्र के अन्तर्गत **मसराना – किमोई मोटर मार्ग** का निर्माण परियोजना के निर्माण हेतु **5.3025 है0** वनभूमि लो0नि0वि0 थत्यूड प्रयोक्ता एजेन्सी को जनहित में सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त कर प्रत्यावर्तित किये जाने पर सहमति व्यक्त की गयी ।

Vinyo
उप जिलाधिकारी/अध्यक्ष
उपखण्ड स्तरीय वन अधिकार समिति
तहसील धनोल्टी
जनपद टिहरी गढवाल।

प्रतिलिपि :– जिलाधिकारी, नई टिहरी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

क्षेत्र पंचायत सदस्य काण्डाजाख
वि0ख0 जौनपुर टिहरी गढ़वाल
दि0..............

उप प्रभागीय वनाधिकारी
मसूरी; मसूरी वन प्रभाग

सहायक समाज
कल्याण अधिकारी

Vinyo
उप जिलाधिकारी/अध्यक्ष
उपखण्ड स्तरीय वन अधिकार समिति
तहसील धनोल्टी
जनपद टिहरी गढवाल।